प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 23.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 19वें रोजगार मेले में देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री संजय सेठ होंगे शामिल।**
2. **राज्यभर के सभी मतदान केंद्रों पर आज अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची की जाएगी प्रका□ित, अन–मैप्ड मतदाता अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में करा सकते हैं मैपिंग।**
3. **डीजीपी तदाशा मिश्रा ने अपराध और उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के दिए निर्देश, पुलिस गश्त बढ़ाने और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर दिया जोर।**
4. **राज्यभर में पड़ रही है भीशण गर्मी, 44 द□मलव चार डिग्री सेल्सियस पहुंचा मेदिनीनगर का तापमान, कल तक हीट वेव चलने की चेतावनी।**
5. **रांची में नेशनल सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता भाुरू, पुरूश 100 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल मुकाबले में अनिमेष कुजूर ने 10 द□मलव 15 सेकेंड के साथ बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। श्रीमोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला प्रधानमंत्री मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दर्शाता है। एक रिपोर्ट...

यह रोजगार मेला झारखंड समेत देशभर के 47 केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। रांची में कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल ऑडिटोरियम में होगा। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे।

****

राज्यभर के सभी मतदान केंद्रों पर आज अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की जाएगी। यह सूची दो सप्ताह तक प्रदर्शित की जायेगी। सभी अन मैप्ड मतदाता अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपनी मैपिंग करा सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक में यह निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए और पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता तथा गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाए।

****

राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने लातेहार दौरे के दौरान जिले की कानून–व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उग्रवाद, संगठित अपराध, महिला सुरक्षा और नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी ली। बैठक में डीजीपी ने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का निर्देश देते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जनजातीय सांस्कृतिक समागम में शामिल होने नई दिल्ली जा रहे लोगों से टाटानगर रेलवे स्टेशन पर मुलाकात की। इस मौके पर चंपाई सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा को जनजातीय समाज का प्रेरणास्रोत बताते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

****

रांची के टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र स्थित एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा के दौरान कंप्यूटर सिस्टम हैक कर कदाचार कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से कंप्यूटर सिस्टम, मोबाइल फोन, बैंक चेक और शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

****

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 27 मई को शाम चार बजे से आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंज़ूरी दी जायेगी।

****

राजधानी रांची समेत कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। 44 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस के साथ मंदिनीनगर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं रांची का अधिकतम तापमान 39 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा।. मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल रांची, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग और कोडरमा में दिन में तेज धूप व तापमान में वृद्धि होगी। वहीं, पलामू, गढ़वा, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला में तापमान में वृद्धि के साथ लू चलने की संभावना है।

****

बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए, डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। एम्स नई दिल्ली की प्रसूति और स्त्रीरोग विभाग की डॉ. के. अपर्णा शर्मा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

****

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देशभर से 750 से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन सात स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। पुरुष 100 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल में अनिमेष कुजूर ने 10 दशमलव 15 सेकेंड का समय निकालते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वहीं महिला लंबी कूद में एन्सी सोजन ने 6 दशमलव 75 मीटर की छलांग लगाकर नया मीट रिकॉर्ड कायम किया। पेश है एक रिपोर्ट

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान तारीख की घोषणा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान ने लिखा है–झारखंड की दो समेत 10 राज्यों की 24 सीटों पर 18 जून को मतदान।

दैनिक भास्कर ने जेटेट भाषा विवाद पर सत्ता पक्ष में मतभेद की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर होगी अभेद सुरक्षा।

****